रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं । जयपुर और सवाई माधोपुर के बीच सभी स्टेशनों पर पीने के पानी का पर्याप्त प्रबन्ध है ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

(ग) चाकसू स्टेशन पर उपलब्ध पीने का पानी कुछ खारा है । लेकिन इस खण्ड पर जब माल गाडियां आती हैं तब उन के साथ लगी हुई पानी की सहायक टंकियों द्वारा मीठे पानी की सप्लाई की जाती है ।

खाडिया रेलवे स्टेशन

2683. श्री मीठा लाल : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम रेलवे का खाडिया रेलवे स्टेशन समाप्त किया जाने वाला है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

आगरा फोर्ट और गंगापुर सिटी के बीच चलने वाली सवारी गाड़ियां

2684. श्री मीठा लाल : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम रेलवे में आगरा फोर्ट और गंगापुर सिटी के बीच चलने वाली रेलगाड़ियों को आगे सवाई माधोपुर जंक्शन तक चलाने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो कब से; और

(ग) यदि नहीं, तो इस के क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (ग). अपेक्षित लाइन क्षमता और सवाई माधोपुर स्टेशन पर टर्मिनल सुविधाओं के अभाव के कारण 84 अप–83 डाउन आगरा किला-गंगापुर सिटी सवारी गाड़ियों का चालन-क्षेत्र सवाई माधोपुर तक बढ़ाना परिचालन की दृष्टि से इस समय व्यावहारिक नहीं है ।

सारामपुर (मध्य रेलवे) और गंगापुर सिटी (पश्चिमी रेलवे) के बीच रेलवे लाइन

2685. श्री मीठा लाल : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कारावल्ली होकर एक नई रेलवे लाइन बिछा कर सारामपुर (मध्य रेलवे) को गंगापुर सिटी (पश्चिमी रेलवे) के साथ मिलाने का विचार है,

(ख) यदि हां, तो उस लाइन का काम कब आरम्भ किया जायेगा; और

(ग) यदि नहीं, तो इस क्षेत्र में जहां कि मूल्यवान पत्थरों का भण्डार है रेलवे लाइन न बिछाई जाने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

(ग) रकम की कमी के कारण इस प्रस्ताव को चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल किये जाने के लिए पर्याप्त उच्च अग्रता मिलने की सम्भावना नहीं है ।

पश्चिम रेलवे में गंगापुर सिटी और दौसा के बीच रेलवे लाइन

2686. श्री मीठा लाल : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम रेलवे में लालसोट और सरसौर से होकर गंगापुर सिटी और दौसा